दिन– गुरुवार दिनांक– 03 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला और मन्टू तिवारी को दोषी करार देते हुये उम्र कैद की सजा सुनाई है। वहीं, न्यायालय ने इस मामले में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह और राजन तिवारी समेत छह आरोपियों को बरी कर दिया है। गौरतलब है कि पटना उच्च न्यायालय ने इस हत्याकांड में सभी आठ आरोपियों को बरी कर दिया था। इसके बाद पूर्व मंत्री की पत्नी और भाजपा नेता रमा देवी तथा सीबीआई ने पटना हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में निचली अदालत ने सभी आठ दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। बृजबिहारी प्रसाद की हत्या वर्ष उन्नीस सौ अंठानवे में उस समय कर दी गयी थी, जब वे पटना स्थित आईजीआईएमएस में इलाज के लिए भर्ती थे।

——————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आज दस वर्ष पूरे हो गये हैं। दो हजार चौदह में आज ही के दिन श्री मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करना शुरू किया था। कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। पिछले महीने मन की बात में, श्री मोदी ने कहा था कि कार्यक्रम की दस साल की लंबी यात्रा ने एक माला का रूप ले लिया है जिसकी हर कड़ी में नए अनुभव, नई कहानियां और नई शख्सियतें जुड़ती चली गईं।

——————————————————

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। सत्रह जिलों की लगभग पन्द्रह लाख की आबादी बाढ़ की चपेट में आ चुकी है। इधर, कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने के बाद सहरसा–मानसी रेलखंड पर पानी का दबाव बढ़ने की आशंका को देखते हुये विभिन्न रेल ब्रिज की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। अधिकारियों द्वारा रेललाईन का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इधर, भागलपुर के पीरपैंती–बाखरपुर मुख्य मार्ग पर बना मुस्तफापुर चौखंडी पुलिया पानी के तेज दबाव में ध्वस्त हो गया। इससे कई गांवों का जिला मुख्यालय से सड़क सम्पर्क बाधित हो गया है। इस बीच नेपाल सरकार ने

अगले चौबीस घंटों के दौरान कोसी और गंडक नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। नेपाल के गृह मंत्री रमेश लेखक ने बताया कि भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुये आपदा प्रबंधन समेत अन्य एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है।

———————————————————

प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में आज सुबह कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। सुपौल के किशनपुर में सबसे अधिक उनसठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में कृष्णा घाट पर अशोक राजपथ से जे. पी. गंगा पथ संपर्क रोड का लोकार्पण किया। जे. पी. गंगा पथ का यह चौथा संपर्क पथ है, जो अशोक राजपथ से जुड़ गया है। इस नए मार्ग के खुल जाने से एनआईटी, पटना, महेन्द्रू, रमनारोड, गुलबी घाट, भिखना पहाड़ी और खजांची रोड से जुड़े इलाकों के लोग बिना जाम में फंसे गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

———————————————————

मुंगेर के कासिमबाजार थाना क्षेत्र अन्तर्गत हवाई अड्डा मैदान में अपराधियों ने राजद के प्रदेश महासचिव पंकज यादव को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

———————————————————

शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गया है। अनुष्ठान के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। नवरात्र को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में भक्तिमय माहौल बन गया है। नवरात्र के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।